## एक नजर में

### अमरनाथ यात्रा पर्यावरण में नया मंत्र..

**उज्जैन।** श्री अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। अमरनाथ यात्रा श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। श्रद्धा और आस्था में अब स्वच्छता भी जुड़ गया है। अब श्रद्धालु एक नया मंत्र गुनगुना रहे हैं। बोल बम, पर्यावरण को कचरा मुक्त रखेंगे हम। इस पवित्र यात्रा में पर्यावरण और स्वच्छता को जोड़ा है इंदौर के स्टार्टअप स्वाहा ने। जीरो लैंड फिल कचरा मुक्त यात्रा की सोच को हकीकत में बदल रहा है स्वाहा। स्वाहा पिछले चार वर्षों से अमरनाथ यात्रा मार्ग को कचरा मुक्त बना रहा है। जम्मू कश्मीर के डायरेक्टरेट ऑफ़ रूरल सैनिटेशन द्वारा यह कार्य स्वाहा को सौंपा गया है। इस बार यात्रा मार्ग में करीब 550 टन कचरा निकलने का अनुमान है। आरडीडी और पंचायती राज के सेक्रेटरी आईएएस एजाज असद और डायरेक्टरेट ऑफ़ रूरल सनिटेशन की डीजी अनू मल्होत्रा ने बताया कि पिछली कई यात्राओं से यात्री बड़ी संख्या में पहाड़ियों पर टनों से कचरा छोड़ते आ रहे थे। पिछले चार साल में इस तस्वीर को बदला है। अब यात्रा के बाद पूरा अमरनाथ यात्रा मार्ग कचरा मुक्त दिखता है। इंदौर के स्टॉर्टअप स्वाहा टीम ने इस काम को किया है। अब यात्रा मार्ग की पहाड़ियां और नदिया प्लास्टिक और गंदगी के मुक्त है। स्वाहा के सह संस्थापक समीर शर्मा ने बताया यह लगातार चौथा वर्ष है जब पहाड़ों और घाटियों की सफाई के लिए जम्मू और कश्मीर के युवाओं साथ मिलकर इस मिशन को सफल बनाने के संकल्प पर स्वाहा जुटा हुआ है। इस अभियान का लक्ष्य है शून्य अपशिष्ट यात्रा। यानि यात्रा के बाद कोई अपशिष्ट बचा न दिखे। स्वाहा के संस्थापकों में दो आईआईटीयन है ज्वलंत शाह और रोहित अग्रवाल। रोहित ने बताया कि सबसे बड़ी चुनौती लंगरों से निकलने वाले फ़ूड वेस्ट की थी। लंगर वाले अपने यहां निकला जूठन और दूसरे कचरे को या तो पहाड़ी में डाल देते थे या नदी में प्रवाहित कर देते थे। इससे निपटने के लिए लंगरों को स्वाहा कि टीम प्रशिक्षण दे रही है कि कचरे को सेग्रीगेट करें ताकि उसकी खाद बनाई जा सके। स्वाहा मिक्स कचरे का कलेक्शन नहीं करेगी। इससे सोर्स से ही गीला और सूखा कचरा अलग किया जा रहा है।

### आचार्यश्री का मंगल प्रवेश

**उज्जैन।** 7 जुलाई की सुबह श्रीसंघ की नवकारसी के पश्चात भैरवगढ़ जेल रोड से आचार्यश्री अशोकसागरसूरिश्वर, आचार्य सागरचंद्रसागर, आचार्य सौम्यचंद्रसागर, आचार्य विवेकचंद्रसागर आदि ठाना 8 के साथ प्रात: 9 बजे सामैया आरम्भ हुआ। जिसमें इंदौर, देवास, रतलाम, नागदा, खाचरोद, मंदसौर, महिदपुर, माण्डवगढ़, भावनगर, बदनावर, धार, सूरत, अहमदाबाद, पालिताणा, बांसवाड़ा, राजगढ़, धुलिया, देपालपुर आदि स्थानों से श्रद्धान्वित श्रावक और श्राविका व श्रीसंघ सम्मेद व केसरिया वस्त्र में सम्मलित हुए। साथ ही श्री तेरापंथ महिला मण्डल नयापुरा, श्री श्रेयांसनाथ महिला मण्डल नयापुरा, श्री वर्धमान स्थानक महिला मण्डल नयापुरा व श्री आदेश्वर-चन्दप्रभु महिला व बहु मण्डल नयापुरा कलश लेकर मुख्य रूप से सम्मलित हुए। बैंड-बाजो के साथ सामैया श्री माणिभद्र वीर तीर्थ पंहुचा। तत्पश्चात आचार्यश्री के श्री मुख से धर्मसभा आरम्भ हुई। गुरुदेव को कमली वैराने का लाभ ज्ञानचंद्र सुराणा परिवार रतलाम वालो ने लिया। धर्मसभा के बाद सकल श्रीसंघ का स्वामिवात्सल्य का आयोजन हुआ। समाजसेवी व जनसेवक नारायण यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद सपना सांखला आदि ने मुख्य रूप से सम्मलित होकर गुरुदेव का आर्शीवाद लिया। साथ ही श्रीसंघ के अध्यक्ष सुभाष दुग्गड, अभय मेहता, शेखर कोचर, रमेशचंद्र मूणत, बागमल गंधी, कमल पिछोलिया, प्रकाश सांवरा, अश्विन मेहता, ललित बम, राजेश कांकरिया, संतोष भडक्तिया, अर्पित कोचर, रविंद्र डागा, तरुण सालेचा, अमित खाबिया, पवन छाजेड, आरसी जैन, सुनील मूणत, सोहन आंचलिया, अशोक चत्तर, विजय सालेचा, श्री माणिभद्र वीर भक्त मण्डल, श्री आदेश्वर -चन्दप्रभु महिला व बहु मण्डल ने प्रवेश महोत्सव को सिद्ध, सार्थक, निष्पन्न, सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिये उपस्थित सभी महानुभावो का आभार व्यक्त किया।

### शपथ विधि समारोह में लिया सेवा का संकल्प

**उज्जैन।** रोटरी क्लब उज्जैन की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह रोटेरियन मुकेश साहू डीजीएन डिस्ट्रिक्ट 3040 के मुख्य आतिथ्य एवं गेस्ट ऑफ ऑनर असि. गवर्नर रोट. विजय मूंदड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी रोट. गजेन्द्र नारंग पीडीजी के साथ नये सत्र में सेवा कार्य के संकल्प के साथ अध्यक्ष रोट. ईश्वर चंद्र दुबे, सचिव रोट. उरूसा हाशमी, रोट. धीरेंद्र रैना एक्जीकेटिव सचिव, कोषाध्यक्ष रोट. राजेश माहेश्वरी, संचालक मंडल रोट. जवाहर जैन, रोट. मीनू भार्गव, रोट. अजय भार्गव, रोट. अवनीश गुप्ता, अजय शर्मा, रोट. फादर अंटोनी, रोट. शाहिद हाशमी, कमेटी क्लब चेयर/सदस्य रोट. सुरेश शर्मा, रोट. प्रफुल्ल यादव, प्रहलाद वर्मा, आर सी जैन, मुकेश जौहरी, शुभा जैन, डॉ अनूप निगम, शांति पोरवाल, मिलिंद हार्डिकर, डॉ शैलेन्द्र बागड़ी, भूपेंद्र तिवारी, सचिन साह, हरिहर शर्मा, जाग्रति शर्मा, कृष्णकांत पवार आदि ने शपथ ग्रहण की। इसके पूर्व क्लब अध्यक्ष के स्वागत भाषण पश्चात सचिव (24-25) पांखुरी जोशी ने बताया वर्ष 2024-25 में क्लब को 13 से अधिक अवार्ड मिले। शपथ अधिकारी श्री नारंग ने कहा कि रोटरी की मूल भावना सेवा सर्वोपरि है, आपका जीवन ही आपकी सबसे बड़ी प्रेरणा है। उसे ऐसा बनाइए जिसे लोग याद रखें। क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे ने वर्ष 25-26 का सदन में रखा, प्रोजेक्ट अंकुर एवं एक पेड़ मां के नाम, ग्लोवल ग्रांट आदि के बारे में बताया। अध्यक्ष दुबे एवं गीता दुबे ने क्लब के पीडीजी रवि लंगर, डॉ. नलिनी लंगर सहित वरिष्ठ रोटेरियन्स का शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोटेरियंस एंड एंस सहित अतिथि मौजूद रहे। आयोजन का संचालन रोट. मेघना गोयल ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन क्लब सचिव रोट. उरुषा हाशमी ने किया।

### चाकूबाजी में घायल की मौत, बढ़ेगी धारा

**उज्जैन।** 5 दिन पहले चाकूबाजी में घायल युवक की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में सोमवार दोपहर मौत हो गई। चाकू बाजी के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया था जिसे अब हत्या में बदल जाएगा। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 5 दिन पहले दूध तलाई क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन को लेकर यश पिता आनंदीलाल 23 वर्ष निवासी ग्राम चकरावाद को सुमित गोस्वामी और अंकित ने चाकू मार दिए थे। यश गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे चरक अस्पताल में भर्ती किया गया हालत गंभीर होने पर परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए थे। चाकू बाजी के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया था और दूसरे दिन ही कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। इस दिस 5 दिन चले उपचार के बाद सोमवार को अंकित की निजी अस्पताल में मौत हो गई। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि मृतक बस ड्राइवर था उसका दोनों आरोपियों से 1000 रुपए को लेकर विवाद हुआ था। घायल की मौत होने पर अब हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

### संघर्षों ने बेटे मौसम असाटी को बनाया सीए



**उज्जैन।** मौसम असाटी ने महज 24 वर्ष की आयु में अपने प्रथम प्रयास में सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर उज्जैन शहर का नाम गौरवान्वित किया है। शिप्रा विहार कॉलोनी निवासी दिनेश असाटी ने अपने अथक परिश्रम से बेटे मौसम असाटी को सीए बनाया। बेटे की सफलता की खबर सुनकर मां सपना असाटी की आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे। मौसम की उल्लेखनीय सफलता पर परिजनों सहित समाजजनों एवं मित्रों में हर्ष का माहौल है। सीए मौसम असाटी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन के आशीर्वाद के साथ कठिन परिश्रम, संकल्प एवं मेहनत को बताया। यह जानकारी प्रियंका परमार ने दी।

### 10 जुलाई को मनायेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन।** स्वामी अवधेशानंद गिरीजी महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के अनुयायियों द्वारा 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि गुरुवार शाम 4:30 बजे से रेल्वे स्टेशन के सामने नीलगंगा स्थित लोकमान्य तिलक स्कुल में गुरूपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें सत्संग, पादूका पूजन, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, गुरु मंत्र का जाप, श्री हनुमान चालीसा, भजन एवं आरती उपरांत भोजन प्रसादी रखी जायेगी।

# जब निर्माणाधीन गहरी टनल के शाफ्ट में उतर गए उज्जैन कलेक्टर

## शिप्रा को शुद्ध करने के लिए कान्ह क्लोज़ डक्ट डायवर्शन परियोजना, राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन उज्जैन में 10 जुलाई को होगा





**उज्जैन।** चिंतामण जवासिया क्षेत्र में टनल का निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में सोमवार को उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और टनल की शाफ्ट में उतर गए। ताबड़तोड़ अन्य अधिकारी कर्मचारी और मौके पर मौजूद कंपनी के सुपरवाइजर सुरक्षा इंतजाम लेकर टनल में उतरे। कलेक्टर ने टनल निर्माण की मजबूती भी जांची। महाकुंभ 2028 में 30 करोड़ श्रद्धालुओं, आगंतुक अतिथियों, साधु संतों का स्नान सिर्फ मोक्षदायनी मां शिप्रा के जल से किया जाए। इस तरह की परिकल्पना मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा की गई है। ऐसे में शिप्रा के जल को शुद्ध करने की जहां कवायद की जा रही है। वहीं एक और परियोजना अलग से बनाई जा रही है, कुल मिलाकर सिंहस्थ का स्नान और आयोजन दोनों भव्य पैमाने पर होगा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्ट्रेटा क्लासीफिकेशन के अनुसार टनल का कार्य करने और सभी कार्यों में सुरक्षा का विशेष ध्यान देने के निर्देश जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी कि टनल में पानी निकालने और एयर की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अभी तक लगभग 3.45 किमी टनल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है उसमें आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री मयंक सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 430 मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स के स्वीकृति पत्र एवं 100 यूनिटस का वितरण, 396 केज के स्वीकृति पत्र का प्रदाय, फीडमील के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का प्रदाय एवं उत्कृष्ट कार्य कर रहे मछुआरों एवं मत्स्य सहकारी समितियों को पुरस्कार वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मत्स्य महासंघ के मछुआरों को 9.63 करोड रूपये के डेफेरड वेजस का सिंगल क्लिक से अतंरण करने के साथ ही रायल्टी चेक प्रदाय करेंगे।

### मौके पर पहुंचना कलेक्टर की आदत में शुमार

महाकाल की नगरी में जो भी अधिकारी पदस्थ होते हैं वह अपनी एक अलग छाप छोड़कर जाते हैं। जब रोशन कुमार सिंह नगर निगम आयुक्त थे। तब वह बरसात के दौरान निचली बस्तियों में दौरा करने निकल जाते थे। जहां पर जल जमाव होता था, वहां रहवासियों को रेस्क्यू होने तक मौके पर मौजूद रहते थे। अब वह उज्जैन कलेक्टर बन गए हैं। ऐसे में कार्य में वही गंभीरता है कि कहीं कोई कमी ना रह जाए इसका बारीकी से स्वयं ही अध्ययन करते हैं। यही कारण है कि सोमवार को कलेक्टर टनल में उतर गए।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का विजन

मुख्यमंत्री के विज़न अनुरूप सिंहस्थ 2028 का अनुभव श्रद्धालुओं के लिए भव्य और दिव्य बनाने के लिए और मां शिप्रा को स्वच्छ और अविरल बनाने निर्माणरत कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना के कार्य का किया जा रहा है। सोमवार कलेक्टर ने योजनांतर्गत निर्माणाधीन चिंतामण जवासिया स्थित शाफ़्ट 2 में उतरकर निरीक्षण किया। निरीक्षण कर कलेक्टर ने कार्य की प्रगति लक्ष्यनुसार करने, कार्य में गुणवत्ता और मापदंडों का विशेष ध्यान रख जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डक्ट से नीचे उतरकर टनल के अंदर जाकर टनल निर्माण कार्य का जायजा लिया।

### करोड़ों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

सीएम डॉ. मोहन यादव राष्ट्रीय मछुआ दिवस पर 10 जुलाई को राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर उज्जैन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 22.65 करोड़ रूपये की लागत के 453 स्मार्ट फिश पार्लर, 40 करोड रूपये लागत से बन रहे अत्याधुनिक अन्डर वाटर टनल सहित एक्रापार्क और 91.80 करोड़ रूपये की लागत से इंदिरा सागर जलाशय में 3060 केजेस के माध्यम से मत्स्य उत्पादन से वृद्धि एवं रोजगार सृजन का वर्चुअली भूमि-पूजन करेंगे।

# मंडी आ रहे किसान को अज्ञात वाहन ने तड़के 4.30 बजे कुचला

## मौके पर हुई मौत, सब्जी बेचने आ रहा था मंडी







**उज्जैन। सब्जी की खेती करने वाला किसान सोमवार तड़के मंडी आ रहा था रास्ते में पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है।**

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बड़वाई का रहने वाला इंदर सिंह पिता सेवा राम आंजना 40 वर्ष सब्जी की खेती करता था। तड़के 4.30 बजे वह हरा धनिया लेकर बेचने के लिए बाइक से मंडी आ रहा था। रास्ते में चंदू खेड़ी के समीप पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। वहां रुका नहीं और तेजी से आगे निकला। जिसके चलते बाइक से गिरा किसान पहियों की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई कुछ देर बाद मार्ग से ग्रामीण निकले तो उन्होंने दुर्घटना देखकर पुलिस को सूचना दी। चिंतामण थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लाश को चरक अस्पताल पहुंचाया गया और बाइक नंबर से उसकी पहचान शुरू की गई कुछ देर में ही मृतक की पहचान इंदर सिंह के रूप में हो गई परिजन जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंच गए थे। चिंतामण थाना पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश में दुर्घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।

### रात में दो युवकों की मौत, ग्रामीणों ने जलाई वेन



रविवार रात पानबिहार क्षेत्र के जेथल मार्ग पर कुरकुरे फैक्ट्री के सामने बाइक सवार युवकों को तेज गति से आई मारुति वेन में कुचल दिया। दुर्घटना में बाइक पर सवार हर्षवर्धन पिता श्याम सिंह पवार और रवि पिता संतोष पाटीदार निवासी नजरपुर की मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने दुर्घटना देखी तो मारुति में आग लगा दी। घटनाक्रम की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची मृतकों को के शव उज्जैन चरक अस्पताल पहुंच गए। फायर ब्रिगेड बुलाकर मारुति की आग बुझाई गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि दोनों मृतक युवक परिवार के इकलौते पुत्र थे और ग्राम बन्दका जा रहे थे।

# जीआरपी के साथ टिकट चैकिंग टीम ने चलाया चैकिंग अभियान



**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और टिकट चैकिंग टीम ने चैकिंग अभियान चलाया। सभी प्लेटफार्म के साथ स्टेशन के ब्रिज पर से गुजरने वालों की जांच की गई। इस दौरान 104 संदिग्धों के चेहरे सर्च किये गये। वहीं 12 यात्री बिना टिकट मिलने पर उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। जीआरपी थाना प्रभारी सोहनलाल पाटीदार ने बताया कि श्रावण माह की शुरुआत होने वाली है। देशभर से प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के माध्यम से धार्मिक नगरी में महाकाल दर्शन के लिये पहुंचेगें। जिसे देखते हुए जीआरपी की टीम ने टिकट चैकिंग टीम के साथ चैकिंग अभियान की शुरुआत की है। रविवार को रेलवे प्लेटफार्म से लेकर रेलवे सकुर्लेटिंग एरिया, आउटर एरिया, पार्किंग एरिया पर टीम ने संदिग्धों की सर्चिंग की। इस दौरान फेस रिकग्निशन सिस्टम (ई-रक्षक) के माध्यम से 104 संदिग्धों के चेहरे सर्च किये गये। वहीं चैकिंग के दौरान 12 यात्री बिना टिकट के मिले, जिनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार आगामी दिनों में भी चैकिंग अभियान जारी रखा जायेगा। उन्होने यात्रियों से अनुरोध किया कि बिना वैध टिकट प्लेटफार्म पर न आये। स्टेशन पर भीड़ अधिक होने पर अपने सामान को सुरक्षित रखे। अधिक कीमती सामान लेकर यात्रा ना करे। स्टेशन पर संदिग्घों और आवारा तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# रात भर की तलाश के बाद पकड़ाया अभिरक्षा से भाग बदमाश

उज्जैन। चाकू के साथ हिरासत में आया बदमाश रविवार को चरक अस्पताल से भाग निकला था। रात भर पुलिस में उसकी तलाश की और देवास से गिरफ्तार कर लिया। हरिफाटक ब्रिज सुलभ कॉम्पलेक्स के पास चाकू लेकर घूम रहे बदमाश की सूचना मिलने पर पुलिस ने शनिवार रात उसे घेराबंदी कर पकड़ा था। बदमाश विशाल पिता सुरेन्द्रसिंह पंवार 35 निवासी धन्नालाल की चाल के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। उसके खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण होना सामने आए। रविवार को पुलिस से मेडिकल परीक्षण के लिए चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। जहां से कोर्ट में पेश किया जाना था। लेकिन उससे पहले ही बदमाश पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला था। बदमाश के भागने की खबर से थाना पुलिस में हड़कंप मच गया था। उसकी तलाश के लिए एक टीम बनाई गई परिजनों से पूछताछ और रात भर की तलाश के बाद भागे बदमाश को देवास से सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे उज्जैन लाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश के भागने पर प्रकरण दर्ज किया गया है उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# नकली खाद एवं कीटनाशक बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करें

## किसी भी प्रकार के निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़को को संबंधित विभाग ठीक करे-जिपं सीईओ श्रीमती सिंह



**उज्जैन।** नगर निगम सभापति कलावती यादव और सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह के द्वारा सोमवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में उज्जैन दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभापति श्रीमती यादव ने कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री होने वाले नकली खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए, पशुपालन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि चलित नि:शुल्क वाहन 1962 का प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पशुओं की नस्ल सुधार संबंधित विशेष प्रयास किए जाएं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं। राजस्व विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नामांतरण, नामांकन आदि सभी कार्य पारदर्शिता पूर्वक शीघ्रता से किए जाएं।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सिंह ने निर्देश देते हुए कहा की किसी भी प्रकार के निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों को संबंधित विभाग के द्वारा ही ठीक किया जाए। आयुष्मान कार्ड, समग्र ई केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री इत्यादि कार्य भी प्राथमिकता से किए जाएं।

बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विस्तार विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**श्रावण उत्सव में...** पवित्र माह में प्रशासन ध्यान दें, कावड़ियों की धार्मिक आस्था को ठेस न पहुंचे


# महाकाल मंदिर के पुजारी की मांग श्रावण में मांस दुकानें बंद हो, कहीं पर भी खुली ना रहें

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** श्रावण मास शुरू होने वाला है। इसे लेकर प्रशासन व मंदिर समिति महाकाल में दर्शन के लिए उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था करने में जुटी हुई है। इस बीच महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि श्रावण मास के दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि मंदिर पहुंच मार्ग के बीच कहीं भी मांस, अंडे आदि की दुकानें खुली न रखी जाएं।

क्योंकि मार्ग में इन दुकानों को खुले रहने से श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचती है। 11 जुलाई से श्रावण मास लग रहा है। इसके पहले ही प्रशासन अपने स्तर पर इस संबंध में कार्रवाई करें। मंदिर पहुंच मार्ग पर केवल आम श्रद्धालु ही नहीं आते-जाते बल्कि कांवड़िए भी आएंगे। ऐसे में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति न बने इसका भी ध्यान रखकर सुरक्षा व्यवस्था आदि की जाएं। पुजारी शर्मा ने अपनी ओर से भी मुस्लिम समुदाय से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा है कि वे महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग पर स्थित मांस की दुकानों को श्रावण व भादो मास के दौरान इस तरह से संचालित करे कि श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत न हो।

### उप्र के खुरजा से आए भक्त ने महाकाल को 2 चांदी के मुकुट चढ़ाए



उत्तर प्रदेश के खुरजा से सोमवार को उज्जैन में महाकाल दर्शन के लिए आए भक्त रवि सचदेवा व उनकी पत्नी श्रीमती राधिका सचदेवा ने चांदी के 2 मुकुट अर्पित किए। भक्त उक्त मुकुट मनोकामना पूर्ण होने पर विशेष रूप से लेकर यहां पहुंचे थे। उन्होंने पहले भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया फिर नंदीहॉल में उक्त दोनों चांदी के मुकुट मंदिर समिति के लोगों को भेंट किए। भक्त के मुकुट देने के बाद उनका पूजन कर पुजारियों ने गर्भगृह में ले जाकर उन्हें भगवान को अर्पित भी कर दिया। मुकुट 2622.400 ग्राम चांदी से बने है। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी व सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरपी गहलोत ने भक्त का सम्मान किया।

### शुक्र ने बदली राशि, 26 तक दिखाएंगे असर

शुक्र ग्रह ने हाल ही में राशि बदल ली है। शुक्र अब 26 जुलाई तक वृषभ राशि में रहकर असर दिखाएंगे। शुक्र इसके पहले मेष में थे। शुक्र के राशि परिवर्तन का असर सभी 12 राशि पर अलग-अलग रूप में होगा। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बतया कि शुक्र जुलाई के अंतिम सप्ताह तक वृषभ राशि में रहकर असर दिखाएंगे। इसके बाद आगे मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। मेष राशि वालों के लिए शुक्र शुभ रहेगा। वृषभ के लिए भी अच्छा प्रभाव, इच्छित सफलता, मिथुन वालों को दांपत्य जीवन में तनाव, कर्क के लिए अनुकूल परिणाम, सिंह रुके कार्यों में गति, कन्या व्यक्तित्व को निखारेगा, तुला सकारात्मक, वृश्चिक उत्साह बढ़ाएगा, धनु कार्य में व्यस्तता, मकर लाभकारी, कुंभ व्यापारिक मामलों में बाधा व पारिवारिक दृष्टिकोण से सुखद रहेगा।